आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक :14 .08.2026 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री-स्वतंत्रता दिवस

देश कल अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से समारोह की अगुवाई करेंगे। समारोह स्थल पर भारतीय वायु सेना के दो एमआई-17 हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। पुष्प वर्षा के बाद, प्रधानमंत्री लाल किले के प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे।

हर घर तिरंगा' अभियान

प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज तिरंगे के रंग में रंगी सड़कों पर देशभक्ति का अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। ज्यादा जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता अभिनव गोयल.

वहीं शिवपुरी आगरमालवा सहित प्रदेश भर में विशाल तिरंगा रैलियाँ आयोजित की गईं

विभाजन विभीषिका

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने देश की आजादी के संघर्ष में प्रवासी भारतीयों के योगदान, बलिदान और यशोगाथा को समर्पित 'प्रवासी सेनानी वीथी' का लोकार्पण और अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर देश के अमर शहीदों और वीर सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि मानवता को ऐसी त्रासदी का दंश फिर कभी न झेलना पड़े।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रहलाद जोशी आज पंजाब-हरियाणा दौरे पर हैं। चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत C B D C आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर व्यवस्था का शुभारंभ किया । इसके बाद दोनों मंत्री अजीजपुर गांव में किसानों से संवाद करेंगे। शाम साढ़े चार बजे शिवराज सिंह चौहान हरियाणा के कैथल जिले के धांड स्थित एफसीआई साइलो का निरीक्षण करेंगे।

गृह मंत्रालय-जनगणना

गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने जनगणना-2027 के लिए परिवार अनुसूची से संबंधित प्रश्नावली अधिसूचित कर दी है। इसमें 40 सवाल हैं। इनमें माता-पिता का विवरण, आधार, मोबाइल नंबर, कुल बैंक खातों की संख्या, काम के स्थान तक आने-

जाने का विवरण, धर्म और जाति से संबंधित सवाल हैं।

मौसम

प्रदेश में आज कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

सागर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में अगले 24 घंटे में चार इंच या उससे अधिक बारिश हो सकती है। वहीं भोपाल और इंदौर समेत कई जिलों में हल्की से तेज बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं।

समाचार संक्षेप में:-

- आगर मालवा जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 'नेशनल लोक अदालत एवं लोक उपयोगी लोक अदालत' विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
- नर्मदापुरम में एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में 12 अक्टूबर तक "सघन जागरूकता अभियान-3.0" चलाया जाएगा।
- छतरपुर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान वर्ष 2026 के तहत छतरपुर कलेक्टर मृणाल मीना और एसपी रजत सकलेचा प्रशासनिक अमले के साथ बक्सवाहा भ्रमण पर रवाना हुए।
- जबलपुर में लगातार बारिश के कारण बरगी बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ने पर परियोजना प्रशासन ने जलस्तर नियंत्रित करने के लिए अलर्ट जारी किया है।

..............................